nt>
Title: Requests the Hon'ble Home Minister to give statement on the detriorating law and order situation created by the local police at Thana Bagoli, Hardoi in Uttar Pradesh.

श्रीमती उषा वर्मा (हरदोई): सभापति महोदय, धन्यवाद। मेरे लोकसभा क्षेत्र हरदोई की विधानसभा अहरोरी के थाना बगोली, टंडियावां में सपा नेता महेन्द्रपाल, शराफत अली, नरेश पंडित को पुलिस ने निर्दोष गिरफ्तार कर लिया। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा कारण पूछने पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया, जिसमें सैंकड़ो लोग घायल हो गए। पुलिस ने गलत मुकदमा दायर करके आम जनता महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों पर कहर ढाना शुरु कर दिया। गरीब लोगों के मकानों और दुकानों को तोड़ा गया। घरों का सामान फेंका गया और हैंड पम्प तोड़ डाले गए। महिलाओं को अपमानित किया गया। थाना बगोली के सिकंदरपुर, पहाड़पुर, आम्रताली, तैरवा, बगोली गांव के सैंकड़ो ग्रामीण पलायन कर गए। आम जनता में स्थानीय पुलित ने आपात से ज्यादा बदतर स्थिति कर दी है, केवल बगोली, टंडियावां में ही नहीं बल्कि संपूर्ण जनपद हरदोई में पुलिस ने भय का शासन कायम कर रखा है। ये सारा प्रकरण सपा विधायकों द्वारा उत्तर प्रदेश, विधानसभा में उठाया गया परन्तु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

... (व्यवधान)

इस पूरे प्रकरण पर ग़ृह मंत्री जी वक्तव्य देने करने का कष्ट करें।